अंतर्राष्ट्रीय जगुआर दिवस

हाल ही में **राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नई दिल्ली (दिल्ली चिड़ियाघर)** ने **अंतर्राष्ट्रीय जगुआर दिवस** मनाया।

अंतर्राष्ट्रीय जगुआर दिवस:

- **अंतर्राष्ट्रीय जगुआर दिवस** को जगुआर के सामने बढ़ते खतरों और मेक्सिको से अर्जेंटीना तक इसके अस्तित्व को सुनिश्चित करने वाले महत्त्वपूर्ण संरक्षण प्रयासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है।
- प्रत्येक वर्ष 29 नवंबर को जैव विविधता संरक्षण के लिये एक महत्वपूर्ण प्रजाति, सतत् विकास और मध्य एवं दक्षिण अमेरिका की सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय जगुआर दिवस मनाया जाता है। यह अमेरिका की सबसे बड़ी जंगली बिल्ली है।
- संयुक्त राष्ट्र के **सतत् विकास लक्ष्यों** को प्राप्त करने के व्यापक प्रयासों के तहत जगुआर कॉरिडोर और उनके आवासों के संरक्षण की ज़रूरत पर ध्यान आकर्षित करने के लिये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय साझीदारों के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय जगुआर दिवस संबंधित देशों की सामूहिक आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है।

जगुआर:

- जगुआर **लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ा मांसाहारी और एकमात्र बड़ी बिल्ली है, जो मेक्सिको से अर्जेंटीना तक 18 देशों में पाया जाता है।**
- इसका वैज्ञानिक नाम **पैंथेरा ओंका है**।
- **इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN)** की **खतरे वाली प्रजातियों** की रेड लिस्ट में : " संकटग्रस्त प्रजाति" के रूप में, **जगुआर अल सल्वाडोर और उरुग्वे में विलुप्त है और शेष रेंज देशों में दबाव का सामना कर रहा है।**
- वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES)** सूची: **परिशिष्ट I में आते हैं**
- जगुआर ने अपने **प्राकृतिक आवास रेंज में 50% से अधिक नुकसान का अनुभव किया है।**
- जगुआर को अक्सर तेंदुए के रूप में समझा जाता है, लेकिन उनके शरीर पर हो रहे धब्बे से उन्हें विभेदित किया जा सकता है।
- **जबकि कई बिल्लियाँ पानी से बचती हैं, जगुआर अच्छे तैराक होते हैं और यहाँ तक कि पनामा नहर में तैरने के लिये भी जाने जाते हैं।**
- जगुआर की पहचान इसकी पूरी शृंखला में एक प्रजाति के रूप में की गई है,**जो प्रजातियों की आनुवंशिक विविधता के लिये इसके निवास स्थान के संबंध और संरक्षण को महत्त्वपूर्ण बनाती है।**

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-jaguar-day